हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 19 फ़रवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)

श्री ज्ञानेश कुमार ने आज नई दिल्ली के निर्वाचन सदन में नए मुख्यनिर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला लिया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यभार संभालने के बाद अपने संदेश में श्री ज्ञानेश कुमार ने कहा

राष्ट्र निर्माण के लिए पहला कदम मतदान है और भारत के प्रत्येक नागरिकको मतदाता बनना चाहिए। जिसने 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है और हमेशा मतदान करना चाहिए। उन्होंनेकहा कि भारत के संविधान, चुनावी कानूनों, नियमों और उसमेंजारी निर्देशों के अनुसार, चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ था, है और रहेगा।

-
श्री ज्ञानेश कुमार 15 मार्च, 2024 से चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यरत थे। केरल कैडर के 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, ज्ञानेश कुमार के पास केंद्र और राज्य दोनों सरकारों में काम करने का अनुभव है।हरियाणा कैडर के अधिकारी विवेक जोशी ने भी चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाल लिया है। यह पद श्री ज्ञानेश कुमार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनाए जाने से खाली हुआ था। कार्यभार ग्रहण करने से पहले श्री विवेक जोशी हरियाणा के मुख्य सचिव के पद पर तैनात थे।

****
रेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के मामले में उच्च स्तरीय समिति द्वारा की जा रही जांच के अलावा कोई और जांच नहीं की जा रही है।मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि आज कुछ मीडिया रिपोर्टों में इस घटना पर रेलवे पुलिस बल की जांच रिपोर्ट का हवाला दिया गया जो गलत और भ्रामक है। मंत्रालय ने मीडिया से इस संबंध में उच्च स्तरीय समिति की अंतिम रिपोर्ट की प्रतीक्षा करने का आग्रह किया।

****

उत्तर प्रदेश सरकार और महाकुंभ मेला प्राधिकरण ने ऐसी अफवाहों को खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया जा रहा है कि प्रयागराज में महाकुंभ मेले को 26 फरवरी से आगे बढ़ा दिया गया है। प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर ऐसी अफवाह पूरी तरह निराधार है।

****
वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिलोचन सिंह ,अशोक खुराना और प्रवेश गाबा अपने समर्थकों सहित कल करनाल में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।मुख्यमंत्री नायब सिंह ने उन्हें पार्टी में शामिल

करवाया। श्री त्रिलोचन सिंह कांग्रेस की टिकट पर विधायक का चुनाव लड़ चुके हैं। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा:

2 बाइट: सी एम

मुख्यमंत्री के साथ मौजूद बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि बीजेपी का कुनबा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने नगर निगम चुनाव में बीजेपी की बड़े मतों से जीत का दावा किया।वहीं श्री त्रिलोचन सिंह ने कहा कि कांग्रेस की कोई विचारधारा नहीं रही। हाल ही में विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता द्वारा उन्हें धमकाया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस का वजूद ख़त्म हो रहा है।

****

हरियाणा सरकार ने निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से विशेष काडर के सरकारी कर्मचारियों की विभिन्न स्थानों पर तर्कसंगत तैनाती सुनिश्चित करने के लिए एक आदर्श ऑनलाइन स्थानांतरण नीति-2025 का मसौदा तैयार किया है।इस संबंध में, नीति का मसौदा हरियाणा सरकार की वेबसाइट csharyana.gov.in पर अपलोड किया गया है। सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, विभागों और संगठनों के कर्मचारियों से नई नीति पर अपने विचार/सुझाव निर्धारित प्रारूप में भेजने का अनुरोध किया गया है। जो ईमेल generalservices0001@gmail.com पर या मानव संसाधन विभाग में 28 फरवरी, तक या उससे पहले भेजे जा सकते हैं।

****

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सी.बी.एस.ई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 2025 बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्रों के लीक होने और उन तक पहुंच से संबंधित दावों का खंडन किया है।बोर्ड ने कहा कि कुछ बेईमान तत्वों द्वारा की जा रहे यह दावे निराधार हैं और इनका उद्देश्य छात्रों और अभिभावकों के बीच अनावश्यक दहशत पैदा करना है। बोर्ड ने कहा कि अधिकारी सक्रिय रूप से निगरानी कर रहे हैं और गलत सूचना फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं।सी बी एस ई ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को सलाह दें कि वे असत्यापित सूचनाओं से न जुड़ें और उन पर विश्वास न करें, क्योंकि इससे परीक्षा प्रक्रिया बाधित होती है।